आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19 मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- आज से तीन दिवसीय प्रदेश दौरे पर रहेंगी देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में आज श्रीराम यंत्र स्थापना कार्यक्रम में लेंगी हिस्सा। मंदिर निर्माण में लगे कर्मचारियों को करेंगी सम्मानित।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था और पर्व त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा की। कहा–हर हाल में सुनिश्चित किया जाए शांति, सुरक्षा और अनुशासन।
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बाराबंकी से बहराइच तक फोर–लेन के राष्ट्रीय राजमार्ग–नौ सौ सत्ताइस के निर्माण को दी मंजूरी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी फैसले की जानकारी। कहा–यात्रा की गति को बढ़ाएगी यह परियोजना।
- चैत्र नवरात्र आज से शुरू। शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज अयोध्या दौरे पर आ रही हैं। वह प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी। अयोध्या में वह श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन पूजन के बाद श्री राम यंत्र स्थापना कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी।

**श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के अनुसार, श्री राम यंत्र को अयोध्या में दो वर्ष पूर्व लाया गया था। वैदिक गणित और ज्यामितीय सिद्धांतों के अनुसार यह यंत्र बेहद पवित्र है और इससे आध्यात्मिक और दैवीय उर्जा का प्रवाह होता है। पिछले 12 मार्च से राजा राम के समक्ष इसकी पूजा हेतु विभिन्न अनुष्ठान हो रहे थे और आज इसे विधिवत स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति राम मंदिर के निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों को भी सम्मानित करेंगी। राम मंदिर आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ताओं, साधु संतों और मंदिर निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाने वाले लगभगत सात हजार लोगों को इस मौके पर आमंत्रित किया गया है। आध्यात्मिक गुरु माता अमृतानानंदमयी भी लगभग 1,000 भक्तों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि मंदिर में दर्शन के लिए आज कोई विशेष पास नहीं बनाया जाएगा।

**19 तारीख को किसी प्रकार का विशेष पास दर्शन के लिए नहीं बनेगा। सामान्य जन के दर्शन चलते रहेंगे। नवरात्र से दर्शन की अवधि कुछ बढ़ाई गई है क्योंकि दिन बड़ा हो रहा है, रात छोटी हो रही है।**

अयोध्या के बाद राष्ट्रपति मथुरा वृंदावन के लिए रवाना होंगी। वह मथुरा में आज शाम को इस्कॉन टेंपल और प्रेम मंदिर में दर्शन पूजन करेंगी। दौरे के दूसरे दिन राष्ट्रपति कल प्रेमानंद महाराज के आश्रम और बाबा नीम करौरी के समाधि स्थल पर जायेंगी। प्रदेश दौरे के आखिरी दिन राष्ट्रपति मथुरा के गोवर्धन स्थित दानघाटी मंदिर में दर्शन पूजन के साथ गोवर्धन परिक्रमा करेंगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देर शाम लखनऊ में अधिकारियों के साथ बैठक कर के कानून–व्यवस्था और पर्व–त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्व–त्योहार परंपरागत मर्यादाओं के अनुरूप संपन्न हों। उन्होंने कहा कि माहौल बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शांति, सुरक्षा और अनुशासन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास और सतत समृद्धि के नौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में नव निर्माण के नौ वर्ष पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, अन्नदाता किसानों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जो कदम बढ़ाए हैं, वे सब सुशासन के प्रतीक हैं। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश में नौ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं, जिनमें दो लाख उन्नीस हजार नियुक्तियां केवल पुलिस विभाग में हुई हैं। उन्होंने प्रदेश में हुए पुलिस रिफॉर्म के बारे में भी चर्चा की।

**प्रदेश के अंदर पुलिस में रिफॉर्म किए। पुलिस में सुरक्षा का वातावरण दिया। पुलिस को आधुनिक बनाने का कार्य किया। एफएसएल लैब्स हो, पुलिस का स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट के निर्माण का हो या पीएसी की मृत पड़ी बहाने को फिर से पुनर्जीवित करने का कार्य हो। हमने उन सभी 34 कंपनियों को फिर से पुनर्जीवित करके पहली बार उत्तर प्रदेश पीएसी में तीन महिला बटालियन का गठन किया है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वर्चुअल मौजूदगी में उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के बीच जल जीवन मिशन के दूसरे चरण के तहत कल समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता मिशन के अगले चरण की औपचारिक शुरुआत है, जिसे हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिली थी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर नल से जल के लक्ष्य को जमीन पर उतारने की दिशा में यह समझौता एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना से लाभान्वित होने वाली सबसे बड़ी आबादी उत्तर प्रदेश की है।

**********

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कल तैंतीस हजार छह सौ साठ करोड़ रुपये के आवंटन के साथ एक सौ प्लग–एंड–प्ले औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना– भव्य को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद नई दिल्ली में संवाददाताओं को यह जानकारी सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य विश्व स्तरीय औद्योगिक अवसंरचना विकसित करना, विनिर्माण क्षमता को उजागर करना और देश के विकास को गति देना है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में चार बडे फैसले लिए गए।

**चार बड़े ऐतिहासिक फैसले लिए गए, पहला है भारत में मेक इन इंडिया उसके लिए 33 हजार छह सौ 60 करोड़ रूपीस के सैंक्शन से कैबिनेट में अप्रूव हुई, दूसरा जो 2023–24 का कॉटन सीजन था उसमें 11 हजार सात सौ 12 करोड रुपए का जो सपोर्ट मिला उसके रीइंबर्समेंट से रिलेटेड मैटर्स अप्रूव हुए, चौथा बाराबंकी से बहराइच इसका एक्सेस कंट्रोल्ड फोर लेन हाईवे 6 थाउजेंट 9 हंड्रेड 69 करोड़ रूपीस के इन्वेस्टमेंट से अप्रूव हुआ और स्मॉल हाइड्रो पावर डेवलपमेंट स्कीम अप्रूव हुई।**

बाराबंकी से बहराइच तक फोर–लेन एक्सेस–कंट्रोल्ड राष्ट्रीय राजमार्ग–नौ सौ सत्ताइस के निर्माण को मंजूरी मिलने से क्षेत्रीय गतिशीलता और सामाजिक–आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना यात्रा गति बढ़ाएगी।

**101 किमी का प्रोजेक्ट है। 6969 करोड़ का और एक इस पर मेगा ब्रिज बनेगा सिक्स लेन का घाघरा रिवर पर। यह बहराइच से ऊपर रूपाडी उसका डीपीआर भी आगे बन रहा है यानी नेपाल बॉर्डर तक पहुंचने की पूरी व्यवस्था फोर लेन एक्सेस कंट्रोल हाईवे के माध्यम से। यह कंप्लीट जो बारमा की बहराइच, गोंडा, बलरामपुर और नेपाल की तरफ जाने वाला इस रास्ते में इस हाईवे से जो ट्रेवल टाइम है 3 आवर्स वह 1 आवर रह जाएगा, बहुत ही अच्छा इसका बेनिफिट मिलेगा।**

**********

चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गया है। नवरात्र के पहले दिन प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। चैत्र नवरात्र को देखते हुए मिर्जापुर के विंध्याचल धाम और बलरामपुर के मां पाटेश्वरी देवीपाटन शक्तिपीठ समेत प्रदेश भर के प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों की सुविधा के लिए खास प्रबंध किए गए हैं। प्रसिद्ध शक्तिपीठ विंध्याचल धाम में कल मध्यरात्रि से चैत्र नवरात्र मेला शुरू हो गया। एक रिपोर्ट–

**चैत्र नवरात्र के दौरान माँ के दर्शन हेतु कतारबद्ध श्रद्धालुओं को माँ विंध्यवासिनी देवी का लाईव दर्शन कराने की भी व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को विन्ध्याचल से उनके गंतव्य तक पहुँचाने के लिये परिवहन विभाग ने 100 से भी अधिक बसों की अतिरिक्त व्यवस्था की है। उत्तर मध्य रेलवे विन्ध्याचल स्टेशन पर 5 जोड़ी अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था की है। विन्ध्याचल से लखनऊ के लिये स्पेशल ट्रेन भी चलाई जा रही है। नवरात्र के दौरान माँ विंध्यवासिनी देवी के चरण स्पर्श पर प्रतिबन्ध रहेगा इस दौरान मंदिर प्रतिदिन 24 घंटे भक्तों के लिये खुला रहेगा। 20 घंटे मंदिर मे श्रद्धालु माँ विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर सकेंगे। 4 पहर की आरती के लिये एक एक घंटे मंदिर के कपाट बंद रहेंगें। एसएम सबा, आकाशवाणी समाचार, विन्ध्याचल मिर्जापुर।**

**********

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कल से प्रदेश के दो सौ पचास केंद्रों पर शुरू हो गया। एक अप्रैल तक करीब पौने तीन करोड़ कॉपियों का मूल्यांकन एक लाख तिरपन हजार परीक्षक करेंगे।

**********